# कंटेनर ट्रक से 60 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

## ट्रक से विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब की 402 पेटियां बरामद की



कोटा ग्रामीण की कनवास पुलिस टीम ने अवैध अंग्रेजी शराब की पेटियां जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

■ कंटेनर ट्रक की बॉडी में विशेष पार्टीशन बनाकर छिपा रखी थी अवैध शराब

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण इलाके की कनवास पुलिस टीम ने अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए कंटेनर ट्रक से पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की 402 पेटियां जब्त की है। पकड़ी गई अवैध अंग्रेजी शराब की अंतरराज्यीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख रूपये आंकी गई है। साथ ही पुलिस टीम ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों तस्करों से पूछताछ कर रही है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम तथा वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीना के निर्देशन में वृताधिकारी वृत सांगोद बाबूलाल के सुपरविजन में कनवास थाने के उपनिरीक्षक श्यामाराम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर अवैध शराब तस्करी व अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने योजना बनाकर नाकाबंदी के दौरान एक कंटेनर ट्रक की तलाशी के दौरान कंटेनर ट्रक की बॉडी में विशेष पार्टीशन बनाकर छिपा रखी विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब की 402 पेटियां बरामद की। ग्रामीण एसपी ने बताया कि जब्त की गई अवैध अंग्रेजी शराब की अंतरराज्यीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख रूपये है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए जिला वाड़मेर के छीतर कापर निवासी चुनाराम एवं थाना भोपाल के हीरादेशर निवासी खेराजराम को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये दोनों शराब तस्करों से अनुसंधान जारी है।

# स्कूल की आड़ में चर्च में धर्मांतरण का आरोप

## बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों और गांव के लोग चर्च पहुंचे और आक्रोश जताया

■ मौके पर पहुंचे लोगों ने चर्च में आदिवासियों को गुमराह कर अवैध रूप से प्रार्थना करवाने के आरोप लगाए

■ पुलिस ने स्कूल के अलावा किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों का संचालन नहीं करने के लिए पाबंद किया

■ बिछीवाड़ा और रामसागड़ा थाना क्षेत्र के बीच जेलाना और भेहना गांव के सीमा पर स्कूल के नाम चर्च चलाने का आरोप है

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा और रामसागड़ा थाना क्षेत्र जेलाना गांव में स्कूल के नाम पर चर्च चलाने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों और गांव के लोग चर्च पहुंचे, जहां मौजूद लोगों को प्रार्थना करवाई जा रही थी। वहीं चर्च में अवैध रूप से धर्म परिवर्तन करवाने के भी आरोप लगाए। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी स्कूल के अलावा किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों का संचालन नहीं करने के लिए पाबंद किया गया।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में नया धर्म परिवर्तन का कानून बनने के बाद डूंगरपुर में ये पहला मामला सामने आया है। बिछीवाड़ा और रामसागड़ा थाना क्षेत्र के बीच जेलाना और भेहना गांव के सीमा पर स्कूल के नाम चर्च चलाने का आरोप है। गोपालराम महाराज के नेतृत्व में कई हिंदूवादी संगठनों और गांव के लोग चर्च पहुंच गए। लोगों ने चर्च में आदिवासियों को गुमराह कर अवैध रूप से प्रार्थना करवाने के आरोप लगाए, जिससे हंगामा हो गया। वहीं घटना की सूचना पर बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी और रामसागड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

गोपालराम महाराज ने कहा कि यहां स्कूल के नाम 3 साल पहले चर्च का काम शुरू हुआ था। तब से गांव और आसपास के लोग विरोध कर रहे हैं, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। अब स्कूल के नाम से यहां चर्च में धर्मांतरण की गतिविधियां चल रही हैं। आदिवासी लोगों को गुमराह कर उनका धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। वहीं डूंगरपुर डीएसपी तपेंद्र मीणा भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने स्कूल के नाम पर अवैध गतिविधियों पर तुरंत बंद करने की मांग की।

# खेल को खेल की भावना से खेला जाना चाहिए : केन्द्रीय मंत्री शेखावत

■ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट मैच को लेकर कहा कि खेल को खेल की भावना से खेला जाना चाहिए

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को जोधपुर में रहे। इस दौरान उन्होंने भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट मैच को लेकर विपक्ष के आरोपों पर कहा कि खेल को खेल की भावना से खेला जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में सदस्य देशों का बहिष्कार संभव नहीं होता, लेकिन भारत अपनी नीतियों और राष्ट्रिहत में किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना तक सीमित रखना चाहिए। कल ओलिंपिक खेल होंगे, ऐसे ही खेल होंगे। खिलाड़ियों को खेलना चाहिए। साथ ही उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अंग्रेजी में कहावत है पॉलिसी एंड प्रोटोकॉल्स क्योंकि इंटरनेशनल प्लेटफार्म पर खेलना व संवाद करना हम खेलों से आगे बढ़कर भी कर सकते हैं। कल विपक्ष कहेंगे कि ब्रिक्स में पाकिस्तान के साथ मंच साझा नहीं करना चाहिए। लेकिन ऐसा संभव नहीं पॉलिसी एंड प्रोटोकॉल दोनों को एक तराजू में नहीं तोला जा सकता।

इसके साथ ही मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पांडुलिपि मिशन को लेकर जानकारी दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से संस्कृति मंत्रालय ने पांडुलिपि मिशन को विस्तार देते हुए ज्ञानवार्तम नेशनल मिशन प्रारंभ किया है। इसके तहत देशभर में उपलब्ध लाखों पांडुलिपियों को न सिर्फ सुरक्षित किया जाएगा, बल्कि उन्हें कंप्यूटर रीडेबल फॉर्मेट में परिवर्तित कर विश्व स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। शेखावत ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता है और हमारे पास करोड़ों की संख्या में हस्तलिखित ग्रंथ मौजूद हैं, जो पेड़ की छाल, कपड़े, हस्तनिर्मित कागज सहित कई माध्यमों पर लिखे गए हैं। इन ग्रंथों में ब्राह्मी, पाली, खरोष्ठी, देवनागरी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ सहित अनेक लिपियों का उपयोग हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से लॉन्च किए गए पोर्टल पर अब तक लाखों पांडुलिपियां अपलोड हो चुकी हैं और शीघ्र ही यह संख्या 10 लाख तक पहुंच जाएगी। पर्यटन को लेकर उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष में भारत में डोमेस्टिक टूरिज्म में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। कुंभ को छोड़ दें तो भी इसकी संख्या लगभग 250 करोड़ यात्राओं तक पहुंच गई है, जो देश की कुल आबादी से दोगुनी है।

# कार की टक्कर से घायल हुये बुजुर्ग की मौत

**कोटा,** (निसं)। आरकेपुरम थाना इलाके में कार की टक्कर से घायल हुए बाईक सवार बुजुर्ग की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। नयागांव निवासी नारायणलाल शर्मा (68) मोटरसाइकिल से जाते समय नयागांव इलाके में पेट्रोल पम्प के समीप तेज रफ्तार कार ने बाईक को टक्कर मार दी। आरकेपुरम थानाधिकारी महेन्द्र मारू ने बताया कि नारायणलाल शर्मा शनिवार को बाइक से जाते समय कार चालक ने लापरवाही से वाहन को चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुजुर्ग ने अस्पताल में उपचार के दौरान रविवार को दम तोड़ दिया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

# धर्म परिवर्तन मामले में दो जने हिरासत में

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में कोतवाली थाना पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो युवकों को हिरासत में लिया है। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि सुभाष नगर ने धर्म परिवर्तन का कार्य चल रहा है। जिस पर मौके पर पहुंचे तो कुछ लोग धर्मांतरण करवा रहे थे। वहां नाबालिग बच्चे और महिलाएं थी, जिनको आर्थिक सहायता का लोभ देकर फंसाया जा रहा था। मौके पर बाइबल और होली वाटर भी मिला। एक व्यक्ति मौके से कुछ सामग्री लेकर फरार हो गया।

# 40 क्विंटल से अधिक खेजड़ी की लकड़ी से भरी पिकअप जब्त

## जांच में खुलासा हुआ कि लकड़ी खेतों से काटकर अवैध रूप से हरियाणा में परिवहन की जा रही थी


मलसीसर में वन विभाग ने अवैध लकड़ी परिवहन पर कार्रवाई की।


**झुंझुनूं,** (निसं)। मलसीसर क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन पर नकेल कसते हुए वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।

उप वन संरक्षक उदाराम सियोल के निर्देशन और क्षेत्रीय वन अधिकारी संदीप लोयल के नेतृत्व में गठित टीम ने मलसीसर क्षेत्र में दबिश देकर एक पिकअप वाहन को खेजड़ी की लकड़ी के साथ जब्त किया। वाहन में करीब 40 से 50 क्विंटल खेजड़ी की लकड़ी भरी हुई थी, जो ओवरलोड स्थिति में हरियाणा राज्य ले जाई जा रही थी। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि लकड़ी खेतों से काटकर अवैध रूप से हरियाणा में परिवहन की जा रही थी। इस पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए पिकअप को जब्त किया। साथ ही जिला परिवहन अधिकारी झुंझुनूं और तहसीलदार मलसीसर को भी कार्रवाई के लिए लिखा गया है।

गौरतलब है कि उप वन संरक्षक के निर्देशन में क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। विभाग का कहना है कि इस तरह की और भी सख्त कार्रवाईयां आगे की जाएंगी। इस कार्रवाई के दौरान वनपाल सुदेश पूनियां, वन रक्षक अमरसिंह, नरेन्द्र मीणा, वनपाल सतीश कुमार तथा वाहन चालक अमरचंद मौजूद रहे।

# अजमेर : सेवन वंडर को तोड़ने की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही

## सुप्रीम कोर्ट ने अजमेर के आनासागर वेटलैंड में बने इन सेवन वंडर्स को अवैध घोषित किया था



अजमेर के आनासागर के भराव क्षेत्र में बने सेवन वंडर को तोड़ने की कार्रवाई तीसरे दिन भी मजदूरों ने की।

■ मजदूरों ने ताजमहल को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है, जबकि पीसा की झुकी हुई मीनार को तोड़ना अभी बाकी है

■ भारी-भरकम लोहे से बने पेरिस के एफिल टावर को कटिंग कर हटाया जा रहा है

**अजमेर,** (कासं)। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से वैशाली नगर स्थित आनासागर के भराव क्षेत्र में बने सेवन वंडर को तोड़ने की कार्रवाई तीसरे दिन रविवार को भी जारी है। मजदूरों ने ताजमहल को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है, जबकि पीसा की झुकी हुई मीनार को तोड़ना अभी बाकी है।

अजमेर विकास प्राधिकरण सात अजूबों को गिराने की कार्रवाई कर रहा है। इनका निर्माण वर्ष 2022 में करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से हुआ था और जिसका पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने उद्घाटन किया था। सेवन वंडर में बने ताजमहल को जेसीबी से नहीं तोड़ा जा रहा, बल्कि मजदूरों की ओर से धीरे धीरे तोड़ा जा रहा है, ताकि इस पत्थर का फिर से उपयोग हो सके। एडीए द्वारा रविवार को तोड़ने की कार्रवाई में भारी-भरकम लोहे से बने पेरिस के एफिल टावर को काटकर हटाया जा रहा है, पहले इसे चार भागों में हटाने की योजना थी, लेकिन लोहे का वजन अधिक होने के कारण अब इसे छह भागों में हटाया जा रहा है। चार भाग हटा दिए गए हैं और अब इसे दो भागों में काटकर हटाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने आनासागर वेटलैंड में बने इन वंडर्स को अवैध घोषित किया था। इसी प्रकार सेवन वंडर में बनाए एफिल टावर का नीचला हिस्सा शेष बचा है। भारी-भरकम लोहे से बने पेरिस के एफिल टावर को कटिंग कर हटाया जा रहा है। पहले इसे चार पार्ट में हटाना था, लेकिन वजनी लोहा होने के कारण इसे अब छह पार्ट में हटाया जा रहा है। चार पार्ट हटा दिए है और अब इसे दो पार्ट में काटकर हटाया जाएगा।

# रोडवेज बस और ट्रेलर में आमने-सामने भिड़ंत, बड़ा हादसा टला

## मौलासर के रिंग रोड चौराहे पर हादसा हुआ, कुचामन जा रही थी बस



हादसे में बसे के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

■ बस में स्कूली बच्चे भी सवार होकर प्रतियोगिता में खेलने जा रहे थे, कोई जनहानि नहीं हुई

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना जिले के मौलासर कस्बे के रिंग रोड चौराहा पर रविवार को सुबह बस व ट्रेलर में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बस की केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा, लेकिन गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह डीडवाना डिपो की एक रोडवेज बस डीडवाना की ओर से कुचामन जा रही थी। इसी दौरान मौलासर में रिंग रोड चौराहे पर सामने से आ रहे ट्रेलर से बस की टक्कर हो गई। हादसे में बस की केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन केबिन में कोई यात्री नहीं बैठा नहीं था, जिससे किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं लगी। हालांकि बस में स्कूली बच्चे भी सवार थे, जो स्कूली प्रतियोगिता में खेलने के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद यात्रियों को अन्य वाहन की सहायता से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले इसी जगह पर बस व कार में टक्कर हो गई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हुई थी।

# कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से संगठन के लिए काम करें : वासुदेव देवनानी


■ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का रानीवाड़ा में स्वागत

**रानीवाड़ा,** (नि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का रानीवाड़ा पहुंचने पर भाजपा संगठन ने स्वागत किया गया। यह अभिनंदन भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष हीरालाल सारस्वत और मुकेश कुमार खण्डेलवाल के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने देवनानी को फूल-मालाएं, साफा और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। स्वागत समारोह में भाजपा संगठन की ओर से जिला उपाध्यक्ष सारस्वत और खण्डेलवाल ने देवनानी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय विचारधारा का पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हमारे लिए सबसे पहले है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के आव्हान को अपनाने पर जोर दिया, जिससे आत्मनिर्भर भारत को बल मिलेगा और विदेशी ताकतों के गलत मंसूबे नाकाम होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निस्वार्थ भाव से संगठन के लिए काम करने का भी आव्हान किया। पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने देवनानी को सरल स्वभाव और सहज व्यक्तित्व का धनी बताया। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार में शिक्षा मंत्री रहते हुए देवनानी ने शिक्षा के क्षेत्र में कई कार्य किए, जो आज भी प्रासंगिक हैं। उनके कार्यकाल में रानीवाड़ा, जसवंतपुरा में महाविद्यालय और आईआईटी जैसे कई संस्थान खुले, जिसके लिए हम उनके आभारी हैं। देवल ने विश्वास जताया कि वर्तमान विधानसभा भी राजस्थान की जनता के हित में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। इस मौके पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारियों ने भी संभाग संगठन मंत्री दीपसिंह देवल और विभाग संगठन मंत्री मुकेश जोशी के नेतृत्व में देवनानी का स्वागत किया।

# झुंझुनूं में 1965 के भारत-पाक युद्ध के रणबांकुरों की शौर्यगाथा जीवंत हुई

■ 60वां फिल्लौरा दिवस पर वीरता, स्मृतियां और गौरव का संगम दिखा


कार्यक्रम में पूना हॉर्स रेजिमेंट के लगभग 250 वेटरंस एक साथ जुटे।

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को फिल्लौरा दिवस का 60वां आयोजन धूमधाम और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर 1965 के भारत-पाक युद्ध के ऐतिहासिक फिल्लौरा टैंक बैटल की स्मृतियां जीवंत हुई।

इस विशेष अवसर पर पूना हॉर्स रेजिमेंट के लगभग 250 वेटरंस एक साथ मंच पर जुटे। फख़्रे हिंद-द पूना हॉर्स कहलाने वाली इस रेजिमेंट के पूर्व सैनिकों ने पुराने साथियों से मिलकर सैनिक बंधुत्व को फिर से जीवंत किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों की स्मृति में मौन और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। शहीद परिवारों को मंच पर सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राजन बक्शी, मेजर जनरल विजय सिंह, ब्रिगेडियर केएस राठौड़, कर्नल अजय सिंह और रिसालदार मेजर ऑनरी लेफ्टिनेंट भंवरसिंह ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और युद्ध से जुड़े संस्मरण साझा किए। एक पूर्व सैनिक ने भावुक होकर कहा कि आज 60 साल बाद भी हमें गर्व है कि हम उस ऐतिहासिक युद्ध का हिस्सा रहे। अन्य ने कहा कि फिल्लौरा केवल एक स्थान नहीं, यह हमारी आत्मा का हिस्सा है। राजस्थान की वीरभूमि का गौरव झुंझुनूं, झालावाड़, सीकर और नागौर जैसे जिलों की वीर परंपरा का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह भूमि सदैव रणबांकुरे पैदा करती रही है। लेफ्टिनेंट जनरल राजन बक्शी ने कहा कि सैनिक का जीवन केवल वर्दी पहनने तक सीमित नहीं है। यह जीवन भर का संकल्प है राष्ट्र के लिए जीना और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्र के लिए मरना। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। वेटरंस ने संकल्प लिया कि फिल्लौरा दिवस हर वर्ष और अधिक भव्यता से मनाया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी शौर्य और बलिदान से प्रेरणा ले सके।